मस्तिष्क ज्वर के कारण हुई मौतें तथा बीमारी को रोकने के लिये उठाये गये कदम

506. **श्री हरिकेश बहादुर :**
श्री राजेश कुमार सिंह :

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले चार महीनों के दौरान मस्तिष्क ज्वर के कारण कितने लोगों की मृत्यु हुई है ; और

(ख) इस बीमारी को फैलने से रोकने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) अब तक मिली सूचना के अनुसार जुलाई-अक्तूबर, 1980 के दौरान मस्तिष्क ज्वर (एन्से-फलाइटिस) से हुई मौतों की संख्या का एक विवरण सलग्न है ।

(ख) इस रोग को फैलने से रोकने के लिए सरकार ने जो उपाय किए हैं वे इस प्रकार हैं :—

1. मस्तिष्क ज्वर की रोकथाम करने, निदान करने और इलाज करने के बारे में स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ने विस्तृत तकनीकी अनुदेश जारी कर दिए हैं और स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों के स्वास्थ्य प्राधिकारियों को ये अनुदेश फिर से जारी कर दिए हैं ;

2. मस्तिष्क ज्वर के रोगियों का शीघ्र पता लगाने, उनका इलाज करने तथा इनकी सूचना देने के उपाय कर दिए गए हैं ;

3. भारत सरकार ऐसे रोगियों के बारे में इस रोग से प्रभावित राज्यों से सूचना प्राप्त करने के लिए लगातार सम्पर्क बनाए हुए है ;

4. ट्रापिकल स्कूल आफ मेडिसिन, कलकत्ता, अखिल भारतीय स्वास्थ्य विज्ञान तथा जन स्वास्थ्य संस्थान, कलकत्ता, राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान, दिल्ली, राष्ट्रीय वाइरस विज्ञान संस्थान तथा केन्द्रीय आयुर्वेदिक अनुसंधान परिषद जैसी विशेषज्ञ संस्थाओं के अपेक्षित दल ऐसे रोगियों का उपयुक्त निदान करने तथा तकनीकी सहायता तथा परामर्श देने के लिए राज्यों में भेजे जाते हैं ।

5. प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरों की संख्या कम करने के लिए विशेष छिड़काव हेतु राज्य सरकारों को अतिरिक्त कीट-नाशक दवाइयां उपलब्ध की जाती है ।

6. विश्व स्वास्थ्य संगठन के माध्यम से जापानी एन्सेफलाइटिस वैक्सीन सीमित मात्रा में आयात की गई है और जब कभी जरूरत होती हैं तो इसमें से आवश्यक मात्रा में यह वैक्सीन प्रभावित राज्यों को भेज दी जाती हैं ।

विवरण

अनुबंध 1

राज्य	मौतो की संख्या
असम	54
आंध्र प्रदेश	5
अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह	2
बिहार	127
मध्य प्रदेश	38
तमिल नाड	4
उत्तर प्रदेश	483